फोन नं0—05442—245381

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।

**Mo. No.- 9473942677**

**Email Id- jalnigam3@gmail.com**

---

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 6842 / एम—6 / 101 दिनांक 18.06.2026

विषयः— **जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 16.06.2026 को "दबंग ने रोकी पानी आपूर्ति, पुलिस भी नाकाम : मीरजापुर में भीषण पेयजल संकट, ग्रामीणों ने DM कार्यालय घेराव की चेतावनी दी" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 16.06.2026 को "दबंग ने रोकी पानी आपूर्ति पुलिस भी नाकामः मीरजापुर में भीषण पेयजल संकट, ग्रामीणों ने DM कार्यालय घेराव की चेतावनी दी" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। अवगत कराना है कि समाचार पत्र में वर्णित ग्राम भोजपुर पहाडी जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजना से आच्छादित है। उक्त पेयजल योजना का डी0पी0आर0 स्वीकृति हेतु शासन स्तर को प्रेषित है, धनावंटन उपरान्त आवश्यक मरम्मतीकरण कार्य किया जाना सम्भव हो सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था हेतु मे0 रैमकी बाबा द्वारा निर्मित दांती ग्राम समूह पेयजल योजना द्वारा अस्थाई पाइप लाइन बिछाते हुये 10 नग पब्लिक स्टैण्ड पोस्ट कनेक्शन प्रदान किये गये है। वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था हेतु बिछायी गयी पाइप लाइन में जलापूर्ति संचालन के लिए स्लूस वाल्व अधिष्ठापित किया गया है। अधिष्ठापित स्लूस वाल्व को क्षेत्रीय अराजक तत्वों द्वारा द्वेशवश पेयजल संचालन करने से रोका जा रहा है। उक्त के विरोध में ग्रामवासियों द्वारा क्षेत्रीय पुलिस से सम्पर्क स्थापित कर शिकायत की गयी है। उक्त समस्या के समाधान हेतु जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3. जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता